दिन– बुधवार दिनांक– 14 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए भाजपा प्रदेश में आज से तिरंगा यात्रा की शुरूआत कर रही है। राजधानी पटना में शाम साढ़े पांच बजे तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा एस.पी. वर्मा रोड से शुरू होकर करगिल चौक तक जायेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि कल प्रमंडल मुख्यालयों और सोलह मई को सभी जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। तेईस मई तक चलने वाली इस यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व सैनिक और सामाजिक संगठन शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व में सैन्य बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

———————————————————————

जम्मू–कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलाबारी में बीएसएफ के जवान सिकंदर राउत शहीद हो गये। वे नालंदा जिले के बिंद थाना क्षेत्र के उतरथु गाँव के रहने वाले थे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि उनकी शहादत की खबर के बाद परिवार समेत पूरे गांव में शोक की लहर है। इधर, नवादा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के रूपो थाना क्षेत्र के पांडेय गंगौट गांव निवासी भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। उनकी पोस्टिंग करगिल में थी। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

———————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी में जम्मू में तैनात बीएसएफ के जवान सीवान निवासी रामबाबू सिंह का पार्थिव शरीर आज पटना पहुंचा। हवाई अड्डे पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बड़हरिया प्रखंड के वसिलपुर ले जाया जा रहा है।

———————————————————————

सीमा सुरक्षा बल का एक जवान पूर्णम कुमार साव आज सुबह भारत लौट चुके हैं। तेईस अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद पूर्णम कुमार साव को पाकिस्तानी रेंजरों ने गिरफ्तार कर लिया था। सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने बताया कि उन्हें अमृतसर के अटारी संयुक्त सीमा चौकी के जरिए सुपुर्द किया गया है। उन्हें सौंपने का काम शांतिपूर्ण और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया है।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स का समापन कल हो जाएगा। चार मई से शुरू हुए इन खेलों का आज ग्यारहवां दिन है। महाराष्ट्र सैंतालीस स्वर्ण और उनतालीस रजत सहित एक सौ बाईस पदकों के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर है। राजस्थान बीस स्वर्ण और नौ रजत सहित तैंतालीस पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है। बिहार की टीम चार स्वर्ण, ग्यारह रजत और बारह कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में सत्रहवें स्थान पर है।

———————————————————————

राज्य में सहकारी बैंकों का विस्तार होगा। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि पंद्रह जिला मुख्यालयों और एक सौ चौवालीस प्रखंडों में सहकारी बैंक की शाखा खोलने का प्रस्ताव भारतीय रिजर्व बैंक को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अभी तेईस जिले में सहकारी बैंक संचालित हैं।

———————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज पटना, गया, नालंदा, वैशाली, जहानाबाद, सारण और सीवान जिले में कुछ स्थानों पर गर्म दिवस की स्थिति बनी हुई है। विभाग ने कहा है कि अगले तीन–चार दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं हैं। इधर, गर्मी को देखते हुए शेखपुरा जिले में सभी सरकारी और निजी विद्यालयों का संचालन पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं, नवादा में पूर्वाह्न ग्यारह बजकर तीस मिनट तक विद्यालय संचालित होंगे। यह आदेश प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी लागू होगा।

———————————————————————